Elevate Textiles™

# वैश्विक आचार संहिता

# विषय-सूची

**परिचय** **3**
उल्लंघन के लिए जुर्माने
किन व्यक्तियों को वैश्विक आचार संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए
सत्यनिष्ठा संबंधी चिंताओं का समाधान
जाँच और अनुशासन प्रक्रिया **4**
प्रशिक्षण व शिक्षा
पोस्ट करने संबंधी आवश्यकता

**एलिवेट टेक्सटाइल्स व्यापार में सत्यनिष्ठा** **5**
हितों का टकराव
व्यक्तिगत व्यावसायिक संबंध
संबंधियों के साथ व्यवसाय करना
भेंट, उपहार और मनोरंजन
प्रतिस्पर्द्धी सूचना एकत्र करना
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून
विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम **6**
एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) और निष्पक्ष प्रतियोगिता
व्यापार संबंधी पाबंदी **7**
बहिष्कार-रोधी (एंटी-बायकाट)
सुरक्षा
राजनीतिक गतिविधि और अंशदान
कानून का पालन करना
गुणवत्ता और परीक्षण **8**

**एलिवेट टेक्सटाइल्स कार्यस्थल में सत्यनिष्ठा** **8**
व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार
समान अवसर देने वाला नियोक्ता
भेदभाव-रोधी / उत्पीड़न-रोधी
मादक-पदार्थ मुक्त कार्यस्थल **9**
मानवाधिकार व श्रम संबंधी प्रक्रियाएं
बाल श्रम और जबरिया श्रम
काम के घंटे
पारिश्रमिक **10**
कार्यस्थल पर धमकी व हिंसा
सामूहिक सौदेबाजी
धोखाधड़ी का आचरण
पर्यावरणीय स्वास्थ्य व सुरक्षा के सिद्धांत
स्वास्थ्य व सुरक्षा
पर्यावरणीय सिद्धांत
वैश्विक स्थायित्व के लिए हमारी सतत वचनबद्धता **11**
एलिवेट टेक्सटाइल्स प्रतिबंधित पदार्थ सूची नीति

**एलिवेट टेक्सटाइल्स जानकारी व संपत्ति की सत्यनिष्ठा** **11**
गोपनीय सूचना
वित्तीय रिपोर्टिंग व रिकॉर्ड रखने में सटीकता **12**
कंपनी के संसाधन और बौद्धिक संपदा
सरकार के साथ संवाद **13**
सार्वजनिक रूप से संवाद

**एक अडिग वचनबद्धता** **13**

**सहयोगी की पुष्टि** **14**

# परिचय

## वैश्विक आचार संहिता का परिचय

*उपयुक्त व्यावसायिक नैतिकता व आचरण से बड़ा अंतर आता है।*

प्रतिदिन आप ऐसे निर्णयों का सामना करेंगे व ऐसे निर्णय लेंगे जो एलिवेट टेक्सटाइल्स की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, कभी भी ऐसी कोई व्यावसायिक आवश्यकता नहीं होगी जो किसी अनैतिक, न्याय विरुद्ध या गैर-पेशेवर कार्रवाई को न्यायसंगत ठहराती है। हम किस प्रकार व्यवसाय करते हैं और किस प्रकार दूसरे लोगों से व्यवहार करते हैं, यह हमारे वैश्विक व्यवसाय और उद्योग में हमारी प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

इस वैश्विक आचार संहिता का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पूरी दुनिया में एलिवेट टेक्सटाइल्स के समस्त सहयोगी आचरण के उच्चतम मानकों को समझें और उनका पालन करें और यह कि हम अपने ग्राहकों को समस्त बाजारों में एक समान गुणवत्ता, सेवा और मूल्य प्रदान करते हैं। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि यह वैश्विक आचार संहिता आपके काम में सही निर्णय करने हेतु आपके उपयोग के लिए एक तत्काल उपलब्ध संदर्भ उपलब्ध कराएगी। इस वैश्विक आचार संहिता में आपके सामने आने वाली हर स्थिति का समाधान या आपके पद की आवश्यकताओं पर काम करने का प्रयास नहीं किया गया है अपितु यह आपके पेशेवर व व्यक्तिगत व्यवहार से संबंधित एलिवेट टेक्सटाइल्स की बुनियादी अपेक्षाओं से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ उन बुनियादी नियमों व प्रक्रियाओं को निर्धारित करती है जिनके पालन की अपेक्षा एलिवेट टेक्सटाइल्स अपने प्रत्येक सहयोगी से रखती है। यह वैश्विक आचार संहिता, सही निर्णय लेने व सहज बुद्धि का उपयोग करने की आपकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी का विकल्प नहीं है और न इसे ऐसा होना चाहिए जिससे आपके कार्यों से सत्यनिष्ठा के प्रति एलिवेट टेक्सटाइल्स की वचनबद्धता पर कभी भी आँच न आए। आपको इस वैश्विक आचार संहिता का उपयोग अपने विभाग, सहायक या व्यावसायिक इकाई की नीतियों, प्रक्रियाओं व कार्य संबंधी नियमों के अनुरूप करना चाहिए। अंत में, आपकी व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा और हमारी कंपनी की सत्यनिष्ठा आपके द्वारा सही कार्रवाई चुनने के आपके व्यक्तिगत निर्णय पर निर्भर करती है।

हालांकि इस वैश्विक आचार संहिता में चर्चा किये गये प्रत्येक मामले का संबंध प्रत्येक कर्मचारी से नहीं होगा, परंतु एलिवेट टेक्सटाइल्स अपेक्षा रखती है कि पूरी दुनिया में समस्त कर्मचारी वैश्विक आचार संहिता से परिचित हों ताकि वे इन नीतियों को समझें और इनका पालन करें। एलिवेट टेक्सटाइल्स सुनिश्चित करती है कि हमारी नियंत्रित सभी इकाइयोंं में इस वैश्विक आचार संहिता का पालन किया जाता है। इसके अलावा, हम अपने संयुक्त उपक्रम के साझेदारों और हमारे लाइसेंसधारकों के साथ भी काम करते हैं ताकि वे भी अपना व्यवसाय इस वैश्विक आचार संहिता की भावना के अनुरूप संचालित करें।

## किन व्यक्तियों को वैश्विक आचार संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए

सभी सहयोगियों को इस वैश्विक आचार संहिता में मौजूद सिद्धांतों व आवश्यकताओं का पालन अवश्य करना चाहिए और एलिवेट टेक्सटाइल्स की ओर से काम करते समय मार्गदर्शन के लिए वैश्विक आचार संहिता से परामर्श लेना चाहिए। सहयोगियों को जानबूझकर कोई ऐसा काम करने के लिए किसी कॉन्ट्रैक्टर, एजेंट, परामर्शदाता, आपूर्तिकर्ता या अन्य तीसरे पक्ष का उपयोग नहीं करना चाहिए जिससे इस वैश्विक आचार संहिता का टकराव हो। एलिवेट टेक्सटाइल्स की ओर से काम करने के लिए ठेकेदारों, एजेंटों या परामर्शदाताओं जैसे तीसरे पक्षों को शामिल करने वाले सहयोगियों को यह सुनिश्चित करने की अवश्य कोशिश करनी चाहिए कि इन पक्षों को वैश्विक आचार संहिता से परिचित कराया जाए और जहाँ लागू हो, वहाँ संहिता के पालन में सहयोग की अपेक्षा रखनी चाहिए।

## सत्यनिष्ठा संबंधी चिंताओं का समाधान

जब हम किसी मुद्दे पर ध्यान देते हैं या कोई प्रश्न रखते हैं, तो आवाज उठाने की हम सभी की जिम्मेदारी होती है। उसके बाद ही एलिवेट टेक्सटाइल्स मुद्दे को देख सकता है। यदि आपके पास किसी भी स्थिति के बारे में प्रश्न हैं, या यदि आपने दुराचार या वैश्विक आचार संहिता, हमारी नीतियों या कानून के संभावित उल्लंघन देखा है, तो इसकी रिपोर्ट करें। आप निम्न में से किसी से भी सहायता ले सकते हैं:

- आपका प्रबंधक
- आपका मानव संसाधन प्रबंधक
- आपकी रिपोर्टिंग श्रृंखला के अन्य प्रबंधक
- एलिवेट टेक्सटाइल्स का कॉर्पोरेट कानूनी विभाग
    - compliance@elevatetextiles.com
- एलिवेट टेक्सटाइल्स के सामान्य परामर्शदाता और मुख्य अनुपालन अधिकारी
    - Kristen.hughes@elevatetextiles.com +1-704-951-2655

यदि आप ऊपर सूचीबद्ध संसाधनों में से किसी के उल्लंघन की रिपोर्ट करने में सहज नहीं हैं, तो आप एलिवेट टेक्सटाइल्स की इंटीग्रिटी लाइन का भी उपयोग कर सकते हैं, जो ईमेल या टेलीफोन के माध्यम से किसी को भी गोपनीय और गुमनाम रूप से रिपोर्ट बनाने की अनुमति देती है। जब आप इंटीग्रिटी लाइन पर एक रिपोर्ट बनाते हैं, तो एलिवेट टेक्सटाइल्स को कोई भी पहचान की जानकारी प्रदान नहीं की जाएगी, और न ही किसी के लिए प्रदान किया जाना आवश्यक होगा (जब तक कि आप अपनी पहचान देना नहीं चुनते)। इंटीग्रिटी लाइन के माध्यम से एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए, देश-विशेष इंटीग्रिटी लाइन नंबर देखने या इलेक्ट्रॉनिक सबमिशन करने के लिए altatetextiles.alertline.com पर जाएँ।

एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी के लिए अच्छी मंशा के साथ मुद्दे प्रकट करने वाले या ऐसे किसी भी व्यक्ति, जो अच्छी मंशा के साथ अनुपालन की जाँच में सहयोग देता है, के विरुद्ध प्रतिशोध या बदले की कार्रवाई करना इस वैश्विक आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके अलावा, बदले की कार्रवाई स्वयं इस वैश्विक आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन है और इसको उसी प्रकार रिपोर्ट किया जाना चाहिए जिस प्रकार से संहिता के अन्य उल्लंघनों को किया जाता है। "अच्छी मंशा" का मतलब यह नहीं है कि आपका सही होना जरूरी है परंतु इसके लिए यह आवश्यक है कि आप सच बोल रहे हैं जैसा कि आप उसे समझते हैं।

## जाँच और अनुशासन प्रक्रिया

हम वैश्विक आचार संहिता, हमारी नीतियों या कानून का उल्लंघन बहुत गंभीरता से लेते हैं। सिद्धांतों का सम्मान करना और इस वैश्विक आचार संहिता की नीतियों का पालन करना, एलिवेट टेक्सटाइल्स के साथ आपके काम करने की शर्त है। इन नीतियों का उल्लंघन करने वाला कोई भी निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी अनुशासनिक कार्रवाई के अधीन होगा, जिसमें सेवा-समाप्ति भी शामिल है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स किसी भी संभावित दुराचार या उल्लंघन की पूरी तरह से जाँच करेगी। रिपोर्ट बनाने वालों को जाँच और अनुशासन प्रक्रिया के परिणाम प्रदान किए जा सकते हैं, यदि उन विवरणों को प्रदान करना गोपनीयता विचारों का उल्लंघन नहीं है और आगे की जाँच या उपचार में बाधा नहीं होती है।

## प्रशिक्षण व शिक्षा

वैश्विक आचार संहिता, अनुपालन संबंधी सभी नीतियों व लागू कानूनों, नियमों और विनियमों ("एलिवेट टेक्सटाइल्स नीतियों") पर एक नियमित वैश्विक प्रशिक्षण व शिक्षा कार्यक्रम विकसित किया जाएगा व चलाया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि एलिवेट टेक्सटाइल्स के समस्त कर्मचारी एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीतियों की आवश्यकताओं, उनके अनुपालन के महत्व और उनके अनुसार उनकी जिम्मेदारियों से परिचित हो जाएँ। अनुपालन संबंधी संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम को एलिवेट टेक्सटाइल्स के प्रत्येक स्थान पर लागू किया जाएगा।

एलिवेट टेक्सटाइल्स के परिसर, सभी कर्मचारियों को इस आचार संहिता के बिंदुओं के बारे में बताएँगे और प्रशिक्षित करेंगे।

सभी एलिवेट टेक्सटाइल्स स्थानों पर प्रमुख पर्यवेक्षकों, प्रबंधन और बिक्री सहयोगियों के पास इस वैश्विक आचार संहिता को पढ़ने और एलिवेट टेक्सटाइल्स नीतियों की समीक्षा और चर्चा करने का अवसर होगा। इसके अलावा, एलिवेट टेक्सटाइल्स वैश्विक आचार संहिता के दायरे और पहुँच की निगरानी करेगीा, जिसमें कर्मचारियों के लिए एक बिना सीमा के वैश्विक आचार संहिता कथन को पूरा करने के लिए उनके प्रशिक्षण की उपस्थिति और अनुपालन को प्रमाणित करने वाला कार्यक्रम शामिल है।

## पोस्ट करने संबंधी आवश्यकताएं

एलिवेट टेक्सटाइल्स के परिसर, इस वैश्विक आचार संहिता को ऐसे प्रमुख स्थान पर लगाएंगे, जहां यह सभी कर्मचारियों और आगंतुकों की पहुँच में हो। साथ ही, वैश्विक आचार संहिता एलिवेट टेक्सटाइल्स की वेबसाइट पर कई भाषाओं में उपलब्ध है। वैश्विक आचार संहिता की कागजी प्रतियां अनुरोध पर उपलब्ध हैं।

# एलिवेट टेक्सटाइल्स व्यापार में सत्यनिष्ठा

*वे नियम जो यह नियंत्रित करते हैं कि हम प्रत्येक दिन व्यवसाय कैसे करते हैं*

## हितों का टकराव

जब आपके निजी हित, एलिवेट टेक्सटाइल्स के हितों में हस्तक्षेप करते हैं या हस्तक्षेप करते हुए प्रतीत होते हैं, तो मतभेद हो सकते हैं। आपको हमेशा अपने व्यावसायिक निर्णय अपने हितों के स्थान पर, एलिवेट टेक्सटाइल्स की आवश्यकताओं के आधार पर लेने चाहिए। उदाहरण के लिए, मतभेद उस समय उत्पन्न हो सकते हैं (i) जब आप ऐसे काम करते हैं या आपके ऐसे हित होते हैं जो आपके काम को वस्तुगत व प्रभावी तरीके से करना कठिन बना सकते हैं; (ii) जब आप या आपके परिवार का कोई सदस्य एलिवेट टेक्सटाइल्स में आपकी स्थिति के फलस्वरूप, अनुचित व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करता है; या (iii) जब एलिवेट टेक्सटाइल्स आपको या आपके परिवार के सदस्य को कर्ज देती है या दायित्वों की गारंटी लेती है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति के संबंध में, मतभेदों से बचा जाना चाहिए। मतभेद हमेशा स्पष्ट दिखाई देने वाले नहीं होते हैं, इसलिए यदि आपका कोई प्रश्न है तो आपको प्रबंधन के ऊंचे स्तरों से परामर्श लेना चाहिए और यदि आप टकराव या संभावित टकराव से परिचित होते हैं तो आपको नैतिक समिति का ध्यान इस ओर दिलाना चाहिए।

## व्यक्तिगत व्यावसायिक संबंध

विशेषकर, आपका किसी ऐसे अन्य व्यावसायिक उपक्रम में कोई पद या पर्याप्त हित नहीं होना चाहिए, जो एलिवेट टेक्सटाइल्स और अन्य व्यावसायिक उपक्रम के बीच लेनदेन के संबंध में आपके निर्णय की स्वतंत्रता को प्रभावित करता सकता हो। आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपका व्यक्तिगत व्यावसायिक संबंध कभी भी एलिवेट टेक्सटाइल्स के लिए आपके द्वारा लिये जाने वाले निर्णयों को प्रभावित न करें। अन्य कारण अनुपस्थित होने पर, सार्वजनिक रूप से ट्रेड करने वाले किसी व्यावसायिक उपक्रम की प्रतिभूतियों की उल्लेखनीय श्रेणी की एक प्रतिशत (1%) से कम प्रतिभूतियों के स्वामित्व मात्र से हितों का टकराव निर्मित नहीं होगा।

## संबंधियों के साथ व्यवसाय करना

व्यक्तिगत लाभ या किसी संबंधी के लाभ हेतु एलिवेट टेक्सटाइल्स के साथ एलिवेट टेक्सटाइल्स के किसी कर्मचारी को व्यवसाय करने के लिए, जनरल काउंसिल और मुख्य अनुपालन अधिकारी या मुख्य मानव संसाधन अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक है।

## भेंट, उपहार और मनोरंजन

एलिवेट टेक्सटाइल्स का कोई भी कर्मचारी ऐसे कोई भी भुगतान, उपहार, मनोरंजन या अन्य अनुग्रह अथवा पारिश्रमिक स्वीकार नहीं करेगा या स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं होगा जो हमारे तर्क के मानकों से परे जाते हैं या जिन्हें एलिवेट टेक्सटाइल्स के साथ व्यवसाय करने की ग्राहक या आपूर्तिकर्ता की शर्त के तौर पर देखा जा सकता है। व्यावसायिक संबंधों के सामान्य कोर्स में उचित, मौसमी या आकस्मिक वस्तुओं की अनुमति है। यदि इस संबंध में किसी भी कर्मचारी के पास किसी भी मुद्दे पर सवाल या चिंता है, तो उसे मार्गदर्शन और निर्देश के लिए सामान्य परामर्शदाता और मुख्य अनुपालन अधिकारी या मुख्य मानव संसाधन अधिकारी से परामर्श करना चाहिए।

## प्रतिस्पर्द्धी सूचना एकत्र करना

एलिवेट टेक्सटाइल्स समुचित रूप से एकत्र की गई व्यावसायिक सूचना को महत्व देती है। हमारे प्रतियोगियों के बारे में सूचना केवल ऐसे सार्वजनिक स्रोतों से एकत्र की जानी चाहिए जो अन्य व्यक्तियों को भी मुक्त रूप से उपलब्ध हैं। एलिवेट टेक्सटाइल्स के किसी भी कर्मचारी को प्रतिस्पर्द्धी सूचना प्राप्त करने के लिए कभी भी जासूसी करने या चुराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

### *आपकी जिम्मेदारियां*

- निजी, व्यक्तिगत लाभ से ऊपर कानूनों व नैतिक सिद्धांतों का पालन करें।
- ऐसे अन्य व्यवसाय में कोई पद न लें, न ही कोई वित्तीय हित रखें जिससे आपके एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्तव्यों या जिम्मेदारियों में हस्तक्षेप हो सकता हो।
- एलिवेट टेक्सटाइल्स और किसी संबंधी के बीच व्यवसाय न करें।
- मतभेद की नीतियों के किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट करें।
- आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों से व्यवहार करते समय मामूली मूल्य से अधिक के उपहार स्वीकार करने से बचें।
- उदाहरण प्रस्तुत करके अनुपालन व नैतिकता को बढ़ावा दें — दूसरे शब्दों में, अपने व्यवहार से दिखाएं कि सत्यनिष्ठा के साथ काम करने का क्या मतलब होता है।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून

एलिवेट टेक्सटाइल्स पूरी दुनिया में व्यवसाय करती है। कई बार एक देश में किया गया काम, दूसरे देश में एलिवेट टेक्सटाइल्स के लिए कानूनी परिदृश्य का अवसर पैदा कर सकता है। यह खास तौर पर अमेरिकी कानूनों के अंतर्गत वास्तविकता है। प्रतियोगिता-रोधी और व्यापार विनियम कानून जटिल होते हैं और उन्हें इस गाइड में पूरी तरह से स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। इस कारण से, एलिवेट टेक्सटाइल्स ने कुछ वैश्विक व्यापार विभाग नीतियाँ और प्रक्रियाएँ बनाई हैं और एलिवेट टेक्सटाइल्स के उन कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान करती है, जिनके द्वारा उनका काम करते समय इन कानूनों से सामना होने की संभावना होती है। हालांकि, एलिवेट टेक्सटाइल्स सभी कर्मचारियों के लिए इन कानूनों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं की बुनियादी समझ रखना आवश्यक बनाती है।

## विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम

कई देश जिनमें एलिवेट टेक्सटाइल्स का संचालन होता है, उनके पास प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को सुरक्षित करने के लिए या अन्य प्रकार से प्राप्तकर्ता के निर्णय को भ्रष्ट तरीके से प्रभावित करने के उद्देश्य से रिश्वत या अन्य अनुचित अभियोगों के भुगतान पर रोक लगाने के लिए भ्रष्टाचार-रोधी कानून हैं। इसके उदाहरणों में अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (Foreign Corrupt Practices Act, FCPA) शामिल है जो किसी भी अमेरिकी कंपनी या इसकी किसी भी विश्वव्यापी सहायक, नियंत्रित कंपनी, कर्मचारियों या एजेंट द्वारा विदेशी अधिकारियों, विदेशी राजनीतिक पार्टियों या उनके पदाधिकारियों को प्रत्यक्ष या अन्य व्यक्ति के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से, (i) उक्त विदेशी अधिकारी के काम या निर्णय को प्रभावित करने अथवा (ii) व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने या कोई व्यावसायिक लाभ हासिल करने के उद्देश्य से भुगतान करने को प्रतिबंधित करता है। इंग्लैंड का रिश्वत अधिनियम (UK Bribery Act, UKBA) में भी इसी प्रकार के प्रतिबंध आधिकारिक (यानी जिसमें सरकारी अधिकारी शामिल हैं) और व्यावसायिक रिश्वत दोनों के लिए हैं। कई मामलों में, अमेरिका या इंग्लैंड में जिन व्यक्तियों को विदेशी अधिकारी नहीं माना जाता है, उन्हें भी FCPA या UKBA के उद्देश्य के लिए विदेशी अधिकारी माना जा सकता है यदि सरकार के पास उनके रोजगार के स्थान का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्वामित्व है या सरकार उसे संचालित करती है। इसलिए, भुगतान या गैर-नकद भुगतान पाने वाले किसी भी व्यक्ति की स्थिति के साथ-साथ विदेशों में एजेंट के उपयोग के बारे में विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए जो ऐसी गतिविधियों में शामिल हो सकता है जिससे किसी लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानून के उल्लंघन का जोखिम मौजूद रहता है।

FCPA व UKBA पर कुछ सीमित अपवाद व कानूनी प्रतिवाद लागू होता है लेकिन चाहे कोई भुगतान अपवाद या प्रतिवाद के अंतर्गत आ सकता है, परंतु यह आम तौर पर कानूनी प्रश्न तो होती ही है। कुछ मामलों में, ''समुचित व वास्तविक'' व्यय जैसे यात्रा या ठहरने के व्यय का भुगतान या इनकी प्रतिपूर्ति किसी विदेशी अधिकारी को की जा सकती है यदि यह उत्पादों या सेवाओं के प्रदर्शन या प्रचार से या किसी अनुबंध के निष्पादन से संबंधित है। हालांकि, क्या कोई खास व्यय प्रतिपूर्ति योग्य है और किस सीमा तक प्रतिपूर्ति योग्य है, इसके लिए कानूनी मूल्यांकन करना होगा। एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारियों और संबद्ध व्यक्तियों को किसी भ्रष्टाचार-रोधी कानून के अंतर्गत प्रस्तावित भुगतान की कानूनी वैधता का मूल्यांकन करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। इसके स्थान पर, उन्हें किसी विदेशी अधिकार को या उसके लाभ के लिए किसी भुगतान सहित, ऐसा कोई भुगतान करने से पहले एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग से परामर्श लेना चाहिए, जिसमें भ्रष्टाचार-रोधी मुद्दे निहित हो सकते हैं। FCPA या UKBA के तहत किसी व्यक्ति को "विदेशी अधिकारी" माना जा सकता है या नहीं, इस प्रश्न को इसी तरह एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### *आपकी जिम्मेदारियां*

- एफसीपीए, यूकेबीए और अन्य भ्रष्टाचार-रोधी नियमों को समझने, और उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए, एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग से परामर्श लें।
- एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग से संपर्क करें यदि कोई विदेशी अधिकारी कोई मूल्यवान चीज चाहता है।
- यह पूर्वानुमान न लगाएं कि यह आचरण स्वीकार्य है क्योंकि यह माना गया है कि दूसरी कंपनी द्वारा ऐसा किया है।
- अपने प्रबंधक और एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग की स्वीकृति के बगैर किसी विदेशी अधिकारी को कोई भी मूल्यवान चीज न दें या देने का वादा न करें।

## एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) और निष्पक्ष प्रतियोगिता

एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति, यह सुनिश्चित करना है कि एलिवेट टेक्सटाइल्स के समस्त प्रचालन, गतिविधियाँ और व्यावसायिक मामले, अमेरिका और उन सभी न्यायाधिकार क्षेत्रों में लागू सभी एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) और प्रतियोगिता कानूनों का पूरी तरह से पालन करते हुए किये जाएँ, जिनमें एलिवेट टेक्सटाइल्स काम करती है। एलिवेट टेक्सटाइल्स किसी भी ऐसे गैरकानूनी व्यवहार में शामिल नहीं होगी, जिससे प्रतियोगिता को नुकसान पहुँचता हो, जिसमें प्रतियोगियों से गैरकानूनी समझौते करना या आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों या ग्राहकों से गैरकानूनी समझौते करने शामिल है, परंतु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। एलिवेट टेक्सटाइल्स की हमेशा से यह नीति रही है और हमेशा रहेगी कि कौन-से उत्पाद प्रस्तुत करने हैं, उन्हें कहाँ और कैसे प्रस्तुत करना है और उनके लिए क्या कीमत लेनी है, इसके बारे में स्वयं स्वतंत्र निर्णय लिये जाएँ।

एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति बताती है कि कीमतों, कीमतों संबंधी नीतियों, छूट, भत्तों या बिक्री की किसी भी अन्य शर्तों के संबंध में प्रतियोगी के किसी भी प्रतिनिधि से कोई समझौता (या समझौता करने का प्रयास) नहीं किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों, बाजारों या क्षेत्रों को बांटने या किसी आपूर्तिकर्ता या ग्राहक का बहिष्कार करने या प्रतियोगिता को नुकसान पहुंचाने वाला कोई अन्य काम करने या काम नहीं करने के लिए प्रतियोगी आपस में एक-दूसरे के साथ सहमत नहीं हो सकते हैं।

किसी भी अन्य कानून के समान, इसके अनुपालन में विफलता से एलिवेट टेक्सटाइल्स, इसके अधिकारियों और सहयोगियों को गंभीर जोखिम उत्पन्न होता है। एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) कानूनों के उल्लंघन के जुर्माने विशेष रूप से गंभीर हो सकते हैं और इनका शामिल व्यक्तियों और पूरी एलिवेट टेक्सटाइल्स, दोनों पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, एलिवेट टेक्सटाइल्स के सभी कर्मचारियों के लिए इस एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) नीति

का पालन करना बाध्यकारी है। प्रत्येक कार्यालय और सहयोगी यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि एलिवेट टेक्सटाइल्स के व्यवसाय लागू होने वाले सभी एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) कानूनों का अनुपालन करते हुए संचालित किये जाएँ।

एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कानून भी उस बाजार पर एकाधिकार करने के लिए एक प्रमुख बाजार की स्थिति के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हैं या कीमतों को नियंत्रित करते हैं या प्रतियोगियों को उस बाजार में प्रवेश करने से बाहर करते हैं, जो प्राकृतिक बाजार बलों से स्वतंत्र हैं।

एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) कानून का अनुपालन एक जटिल और कानून का बेहद तकनीकी क्षेत्र है। यदि एकाधिकार-रोधी (एंटी-ट्रस्ट) अनुपालन के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं तो कृपया अपने सुपरवाइजर या एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग से संपर्क करें। इस नीति का उल्लंघन करते हुए पाये जाने वाले एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन हैं, जिसमें सेवा-समाप्ति भी शामिल है और यह सिविल (दीवानी) व आपराधिक दंड के अधीन हो सकता है।

### *आपकी जिम्मेदारियां*

- एलिवेट टेक्सटाइल्स के प्रतियोगी के किसी भी कर्मचारी के साथ कभी भी औपचारिक या अनौपचारिक रूप से कीमतों या उत्पाद के बारे में चर्चा न करें।
- एलिवेट टेक्सटाइल्स के प्रतियोगियों के बारे में कभी भी अवास्तविक या दुर्भावनायुक्त वक्तव्य न दें।

## व्यापार संबंधी पाबंदी

कई मौकों पर, सरकार दूसरे कुछ देशों से आयात या निर्यात करने पर व्यापार या यात्रा संबंधी पाबंदी लगाती है। एलिवेट टेक्सटाइल्स का यू.एस. संचालन, यू.एस. निर्यात कानूनों के अधीन है, जो मुख्य रूप से एलिवेट टेक्सटाइल्स उत्पादों के गंतव्य और अंतिम उपयोगकर्ता को प्रतिबंधित करता है, जिसमें ऐसे उत्पाद शामिल हैं जिन्हें किसी विदेशी देश से निषिद्ध गंतव्य या अंतिम उपयोगकर्ता के लिए फिर से निर्यात किया जाता है। कुछ मामलों में, कुछ गंतव्यों पर कोई भी उत्पाद, चाहे उनका मूल स्थान कुछ भी हो, भेजा नहीं जा सकता है। एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति उन सभी कानूनों का पालन करने की है जिन्हें कुछ देशों के साथ व्यापार पर पाबंदी के लिए बनाया गया है और यह महत्वपूर्ण है कि निर्यात में शामिल सभी एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी उन सभी विनियमों व प्रक्रियाओं से परिचित हो जाएँ, जो उनकी व्यावसायिक गतिविधियों पर लागू होती हैं।

### *आपकी जिम्मेदारियां*

- यह न मानें कि निर्यात नियंत्रण नियम अमेरिका की बिक्री के अतिरिक्त अन्य बिक्री पर लागू नहीं होते हैं।
- यदि किसी व्यापार कानून के अनुपालन के बारे में आपके प्रश्न या मुद्दे हैं तो एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग से परामर्श लें।

## बहिष्कार-रोधी (एंटी-बायकाट)

अमेरिका का बहिष्कार-रोधी (एंटी-बायकाट) कानून एलिवेट टेक्सटाइल्स (इसकी नियंत्रित विदेशी सहायक व संबद्ध कंपनियों सहित) को किसी ऐसे बहिष्कार के समर्थन में दूसरे व्यक्ति से व्यवसाय करने से मना करने या अन्य काम करने से प्रतिबंधित करता है, जिसकी अनुमति अमेरिकी सरकार ने नहीं दी है। अमेरिकी कानून, एलिवेट टेक्सटाइल्स और इसकी नियंत्रित सहायक कंपनियों के लिए, ऐसे किसी भी अनुरोध की सूचना अमेरिकी सरकार को देना आवश्यक बनाता है, जो किसी बहिष्कार में शामिल होने के लिए उन्हें प्राप्त होती है। यदि किसी भी एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी को कोई काम करने या काम न करने का लिखित या मौखिक अनुरोध प्राप्त होता है, जिसका प्रभाव किसी बहिष्कार को आगे बढ़ाने या समर्थन करने में होता है, तो उसे इस अनुरोध की सूचना तत्काल एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग को देनी चाहिए, ताकि इस पर प्रतिक्रिया करने का उसे मार्गदर्शन मिले।

### *आपकी जिम्मेदारियां*

- किसी भी बहिष्कार में शामिल होने के अनुरोधों की सूचना एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग को दें।

## सुरक्षा

एलिवेट टेक्सटाइल्स पहुँच, व्यक्तिगत, प्रक्रियागत और शारीरिक सुरक्षा के श्रेष्ठ आचरणों का अनुपालन बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है, जो कि हमारी निर्माण, वेयरहाउसिंग (गोदाम) व माल भेजने संबंधी प्रक्रियाओं से संबंधित हैं।

एलिवेट टेक्सटाइल्स के परिसर, खरीदे गये और निर्मित दोनों तरह के कंपनी के उत्पादों में अप्रकट माल (जैसे मादक पदार्थ व अन्य निषिद्ध पदार्थ) को शामिल किये जाने से बचाने वाली सुरक्षा प्रणालियाँ बनाए रखेंगे, जिसमें अमेरिका को भेजे जाने वाले माल के लिए कस्टम-ट्रेड पार्टनरशिप अगेंस्ट टेररिज़्म (Customs-Trade Partnership Against Terrorism, C-TPAT) का अनुपालन शामिल है, परंतु यह इसी तक सीमित नहीं है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स के परिसर सभी लागू कस्टम कानूनों का पालन करेंगे और पूरी दुनिया में उपयुक्त कस्टम अधिकारियों के साथ काम करते हुए, गैरकानूनी रूप से उत्पाद भेजे जाने से बचाने के कार्यक्रमों को स्थापित करेंगे और उन्हें बनाए रखेंगे।

## राजनीतिक गतिविधि और अंशदान

एलिवेट टेक्सटाइल्स के वित्तीय व अन्य संसाधनों का उपयोग राजनीति पद के किसी भी उम्मीदवार के अभियान को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने, किसी व्यक्ति द्वारा किये गये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष राजनीतिक अंशदान की प्रतिपूर्ति करने या सरकारी अधिकारियों या कर्मचारियों को भुगतान, दान या उपहार देने के उद्देश्य से नहीं किया जाएगा। एलिवेट टेक्सटाइल्स सभी एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारियों को स्वयं अपने समय और संसाधनों के साथ राजनीतिक मामलों में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है।

## कानून का पालन करना

यह सुनिश्चित करना एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति है कि इसके सभी प्रचालन, गतिविधियां और व्यावसायिक मामले, प्रत्येक न्यायाधिकार क्षेत्र में लागू, सभी कानूनों का पूरी तरह पालन करते हुए संचालित किये जाएँ, जिनमें एलिवेट टेक्सटाइल्स काम करती है।

कानून का पालन करना, अक्षरश: और भावना के साथ, एलिवेट टेक्सटाइल्स के नैतिक मानकों की बुनियाद है। हालांकि हम सभी से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि हम सभी लागू कानूनों के विवरण जानें, परंतु यह जानना महत्वपूर्ण है कि किस समय सुपरवाइजर, प्रबंधक, एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग या अन्य उपयुक्त कर्मचारी से सलाह लेनी चाहिए।

## गुणवत्ता और परीक्षण

एलिवेट टेक्सटाइल्स ऐसे विश्वस्तरीय गुणवत्ता युक्त उत्पाद व सेवाएँ देने के लिए वचनबद्ध है, जो ग्राहकों की आवश्यकताओं या उनकी अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। हमारी सफलता के लिए विश्वस्तरीय गुणवत्ता महत्वपूर्ण है और इसे प्रक्रियाओं में लगातार सुधार करके हासिल किया जाता है और इसे न्यूनतम विचलन के साथ लक्ष्य पर टिके रहने के तौर पर परिभाषित किया जाता है। सभी परीक्षण दस्तावेजीकरण सटीकता और तत्परता से पूरा किया जाना चाहिए।

# एलिवेट टेक्सटाइल्स कार्यस्थलों में सत्यनिष्ठा

*वे नियम जो नियंत्रित करते हैं कि एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी के तौर पर हम कैसे रहें और किस तरह काम करें*

## व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार

### समान अवसर देने वाला नियोक्ता

एलिवेट टेक्सटाइल्स समान अवसर (और अमेरिका में सकारात्मक कार्रवाई) देने वाला नियोक्ता है। एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति नस्ल, रंग, धर्म, लिंग, मूल राष्ट्रीयता, आयु, विकलांगता, पूर्व-सैनिक स्थिति या लागू कानून से सुरक्षित अन्य वर्गीकरण के प्रति गैरकानूनी राय रखे बिना, सभी योग्य सहयोगियों व रोजगार के लिए योग्य आवेदकों को काम के समान अवसर प्रदान करना है। यह नीति रोजगार की सभी नियम व शर्तों पर लागू होती है जिसमें नियुक्त करना, लाभ, हस्तांतरण, प्रतिफल, पदोन्नति, अनुपस्थिति अवकाश, सेवा-समाप्ति और नौकरी से निकालना शामिल है परंतु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

### भेदभाव-रोधी / उत्पीड़न-रोधी

हम सभी एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारियों से माँग करते हैं और चाहते हैं कि काम के समान अवसर और किसी भी प्रकार के गैरकानूनी उत्पीड़न या भेदभाव को कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टोलरेंस) के हमारे लक्ष्य को हासिल करने में वे हमें अपना समर्थन दें। सभी उल्लंघनों के पता लगने पर तत्काल कार्रवाई होगी और ऐसे व्यवहार में शामिल कोई भी प्रबंधन या सुपरवाइजर सहित एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी उपयुक्त अनुशासनिक कार्रवाई के अधीन होगा, जिसमें सेवा-समाप्ति भी शामिल है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स के सभी कर्मचारियों को गरिमा और सम्मान युक्त व्यवहार पाने का अधिकार है। इसलिए कंपनी ऐसा कामकाजी वातावरण प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है, जो गैरकानूनी उत्पीड़न, धमकाने और जबर्दस्ती करने से मुक्त हो, जो नस्ल, रंग, धर्म, लिंग, मूल राष्ट्रीयता, आयु, विकलांगता, पूर्व-सैनिक स्थिति या लागू कानून से सुरक्षित अन्य वर्गीकरण के आधार पर या उससे संबंधित होते हैं। ऐसा व्यवहार एलिवेट टेक्सटाइल्स के समस्त कर्मचारियों के बीच परस्पर सम्मान की हमारी विचारधारा से मेल नहीं खाता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अनुचित उत्पीड़न व अन्य प्रतिबंधित व्यवहार में निम्नलिखित शामिल हैं परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- किसी व्यक्ति के रंगरूप, शरीर या व्यक्तिगत जीवन के बारे में अवांछनीय टिप्पणियां करना
- आक्रामक या दुर्व्यवहार करने वाला शारीरिक संपर्क
- अवांछनीय, शर्मिंदा करने वाले उपनाम या लगाव/चाहत के शब्दों का उपयोग
- नस्ल, रंग, धर्म, लिंग, मूल राष्ट्रीयता, आयु, विकलांगता, पूर्व-सैनिक स्थिति या लागू कानून से सुरक्षित अन्य वर्गीकरण के संबंध में शर्मिंदा करने वाले चुटकुले या अवांछनीय इशारे, अपमानजनक टिप्पणियां या धमकियां
- कोई ऐसा संकेत कि यौन गतिविधि, नस्ल, रंग, धर्म, लिंग, मूल राष्ट्रीयता, आयु, विकलांगता, पूर्व-सैनिक स्थिति या किसी अन्य सुरक्षित वर्गीकरण कि जिससे किसी व्यक्ति के काम, पदोन्नति, प्रदर्शन मूल्यांकन या काम करने की स्थितियों पर असर पड़े
- अप्रिय वस्तुओं या चित्रों को दिखाना, वितरित करना या प्रसारित करना; या
- अन्य आचरण जो चाहे किसी अन्य एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी को आपत्तिजनक न लगते हों, परंतु ऐसा कामकाजी वातावरण तैयार करते हैं जिसे अन्य लोगों द्वारा समुचित रूप से अपमानजनक या शत्रुतापूर्ण माना जा सकता है। खास तौर पर, यौन उत्पीड़न में अवांछनीय यौन चेष्टाएं करना, यौन अनुग्रह के अनुरोध करना, या यौन प्रकृति के अन्य मौखिक या शारीरिक आचरण शामिल हो सकते हैं जब निम्नलिखित में से एक या अधिक होते हैं:
    - ऐसे आचरण के सामने झुकने, अस्वीकार करने या बर्दाश्त करने को किसी व्यक्ति के रोजगार की स्पष्ट या निहित शर्त या स्थिति बनाई जाती है;
    - ऐसे आचरण के सामने झुकने, अस्वीकार करने या बर्दाश्त करने का उपयोग रोजगार संबंधी निर्णय जैसे पदोन्नति, पदावनति,बर्खास्तगी या वेतन के आधार के लिए किया जाता है; या
    - ऐसी स्थिति अनुचित रूप से किसी सहयोगी के कार्य प्रदर्शन में हस्तक्षेप करती है या शुत्रुतापूर्ण, डराने वाला या आक्रामक कामकाजी वातावरण तैयार करती है।

उपरोक्त बिंदु अनुचित व्यवहार के केवल कुछ उदाहरण हैं। अवांछनीय दुर्व्यवहार, भेदभाव या उत्पीड़न का चाहे कोई भी रूप हो, एलिवेट टेक्सटाइल्स इसे बेहद गंभीरता से लेती है। एलिवेट टेक्सटाइल्स में इनके लिए कोई जगह नहीं है।

**मादक-पदार्थ मुक्त कार्यस्थल**

एलिवेट टेक्सटाइल्स यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है कि समस्त कर्मचारी कार्यस्थल में गैरकानूनी मादक-पदार्थ की गतिविधि में शामिल होने से दूर रहें। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए, एलिवेट टेक्सटाइल्स ने मादक पदार्थ की नीति बनाई है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स ऐसे किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध समुचित अनुशासनिक कार्रवाई करेगी, जो इस नीति का उल्लंघन करता है, जिसमें सेवा-समाप्ति भी शामिल है। जहाँ स्थानीय कानूनों के अनुसार स्वीकृत है, एलिवेट टेक्सटाइल्स के पास किसी भी एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी की जाँच कराने का अधिकार सुरक्षित है, यदि वह गैरकानूनी पदार्थ के संदेहजनक उपयोग या नियंत्रित नशीले पदार्थ के सेवन के कारण काम के लिए अनुपयुक्त दिखाई देता/देती है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स के समस्त कर्मचारियों का अनिवार्य कर्तव्य है कि वे इस नीति के किसी भी और सभी ज्ञात व संदेहास्पद उल्लंघनों को मानव संसाधन विभाग के कर्मचारी के सामने प्रकट करें।

**मानवाधिकार व श्रम संबंधी प्रक्रियाएं**

एलिवेट टेक्सटाइल्स गुलामी और मानव तस्करी को अपनी संपूर्ण आपूर्ति श्रंखला में रोकने के लिए वचनबद्ध है, जिसमें इसके वैश्विक निर्माण व वितरण परिसर शामिल हैं। एलिवेट टेक्सटाइल्स अपने कर्मचारियों, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक साझेदारों से मानवाधिकार व श्रम संबंधी प्रक्रियाओं के संबंध में सभी लागू कानूनी आवश्यकताओं का पालन करने की अपेक्षा रखती है।

**बाल श्रम और जबरिया श्रम**

एलिवेट टेक्सटाइल्स, कार्यस्थल में बच्चों के गैरकानूनी नियोजन में शामिल नहीं होगी या इनकी अनदेखी नहीं करेगी या जबरिया श्रम के इस्तेमाल में शामिल नहीं होगी या इनकी अनदेखी नहीं करेगी। एलिवेट टेक्सटाइल्स में रोजगार की न्यूनतम आयु है जो 16 वर्ष, स्थानीय न्यूनतम आयु या अनिवार्य रूप से स्कूल जाने की आयु में से अधिकतम होती है। हम संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवाधिकार संबंधी सार्वभौमिक घोषणा का भी समर्थन करते हैं।

**जिम्मेदार भर्ती के लिए प्रतिबद्धता**

हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला में कर्मचारियों के उचित व्यवहार के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस चल रहे प्रयास के एक हिस्से के रूप में, हम अपने ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं और व्यापारिक साझेदारों के साथ मिलकर, उन स्थितियों को समाप्त करने के लिए काम करते रहेंगे, जो उन देशों में जबरन श्रम का कारण बन सकती हैं, जहाँ से हम स्रोत उत्पाद बनाते हैं।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, कि हमारे कर्मचारी और हमारे आपूर्ति श्रृंखला भागीदार काम करने की ऐसी स्थिति बनाएँ, जिसमें:

- कोई भी कर्मचारी अपनी नौकरी के लिए भुगतान नहीं करता है;
- कर्मचारी अपने यात्रा दस्तावेजों पर नियंत्रण बनाए रखते हैं और उन्हें आवागमन की पूर्ण स्वतंत्रता होती है; तथा
- सभी कर्मचारियों को घर छोड़ने से पहले उनके रोजगार की बुनियादी शर्तों से अवगत कराया जाता है।

**काम के घंटे**

एक एलिवेट टेक्सटाइल्स सहयोगी को लागू कानून द्वारा अनुमत नियमित और ओवरटाइम घंटों से अधिक काम नहीं करना चाहिए। असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, सभी सहयोगियों को हर सात-दिन की अवधि में लगातार 24 घंटे आराम की अनुमति दी जानी चाहिए। सभी ओवरटाइम कार्य आपसी

सहमति से होंगे। एलिवेट टेक्सटाइल्स ओवरटाइम घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी करेगी और सभी ओवरटाइम कार्यों की प्रीमियम दर पर भरपाई करेगी। असाधारण परिस्थितियों के अलावा, एक सप्ताह में नियमित और ओवरटाइम का योग 60 घंटे से अधिक नहीं होगा।

### पारिश्रमिक

एलिवेट टेक्सटाइल्स अपने प्रत्येक स्थान पर प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह यह सुनिश्चित करेगी कि पारिश्रमिक इसके प्रत्येक प्रचालनों में लागू स्थानीय न्यूनतम वेतन कानून से कम नहीं होगा। पारिश्रमिक व दिहाड़ी पाने वाले सभी गैर वेतन-मुक्त सहयोगियों को प्रचालन में लागू स्थानीय कानून के आधार पर उपयुक्त ओवरटाइम भुगतान मिलेगा।

### कार्यस्थल पर धमकी व हिंसा

काम के दौरान या एलिवेट टेक्सटाइल्स की संपत्ति पर होने के दौरान एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी, ग्राहकों, विक्रेताओं या अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध धमकी, धमकाने वाला व्यवहार, आक्रामक कार्रवाई या उल्लंघन की कार्रवाई प्रतिबंधित हैं। इसके अलावा, काम के अलावा अन्य समय पर, सहयोगियों के विरुद्ध धमकी, धमकाने वाला व्यवहार, आक्रामक कार्रवाई या उल्लंघन की कार्रवाई प्रतिबंधित हैं। इस नीति का उल्लंघन, उस व्यक्ति को अनुशासनिक कार्रवाई के अधीन लाएगा, जिसमें सेवा-समाप्ति भी शामिल है।

### सामूहिक सौदेबाजी

एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारियों के अधिकारों को सुने जाने और सामूहिक मोलभाव को स्वीकार करती है और उनका सम्मान करती है। हम उपयुक्त कानूनी दायरे के भीतर ट्रेड यूनियनों, ट्रेड समितियों और अन्य निकायों के साथ अच्छी मंशा के साथ काम करने की कोशिश करेंगे यदि हमारे सहयोगी अपने प्रतिनिधित्व के लिए या अन्य प्रकार से लागू कानून की आवश्यकता के अनुसार इन निकायों को सामूहिक रूप से चुनते हैं ।

## धोखाधड़ी का आचरण

एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी, जो जानबूझकर किसी लेनदेन में किसी अन्य व्यक्ति या व्यवसाय को धोखा देते हैं या ठगते हैं, उनकी एलिवेट टेक्सटाइल्स के व्यवसाय के अधिकांश, यदि सभी न हों, न्यायाधिकार क्षेत्रों में आपराधिक व सिविल (दीवानी) दोनों कानूनों के उल्लंघन में शामिल होने की संभावना होती है। इसके अलावा, टेलीफोन, फैक्स, ईमेल या डाक के माध्यम से उक्त धोखाधड़ी वाले लेनदेन से संबंधित बातचीत करने से धोखाधड़ी के दाव को बढ़ावा मिल सकता है। धोखाधड़ी के बारे में अमेरिका के कानून दूरगामी पहुँच रखते हैं और उल्लंघन करना एलिवेट टेक्सटाइल्स के उस कर्मचारी को गंभीर जुर्माने व कैद की सजा दिलाएगा। ऐसे किसी दायित्व से बचने के लिए, एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी को यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सावधानी बरतनी चाहिए कि ग्राहकों के लिए प्रस्तुत एलिवेट टेक्सटाइल्स के उत्पादों के संबंध में, किसी भी सरकारी या बैंक को दिये जाने वाले कागजात और रिपोर्ट में या किसी भी समान दस्तावेज में कोई तथ्य जानबूझकर गलत ढंग से पेश न किया गया हो। एलिवेट टेक्सटाइल्स धोखाधड़ी के आचरण की अनदेखी नहीं करेगी और यह अनिवार्य है कि एलिवेट टेक्सटाइल्स के सभी कर्मचारी, सभी लागू कानूनों के अनुसार काम करें।

## पर्यावरणीय स्वास्थ्य व सुरक्षा के सिद्धांत

### स्वास्थ्य व सुरक्षा

कार्यस्थल पर स्वास्थ्य व सुरक्षा से संबंधित सभी संघीय, प्रांतीय, राज्य व स्थानीय कानूनों का पालन करना एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति है। एलिवेट टेक्सटाइल्स के सहयोगी, स्वास्थ्य व सुरक्षा के सभी नियमों व विनियमों का अनुपालन करने के लिए और अपने काम करते समय लगातार सुरक्षा के आचरण करने के लिए जिम्मेदार हैं। एलिवेट टेक्सटाइल्स काम करने की सुरक्षित स्थितियाँ सुनिश्चित करने के लिए समुचित सुरक्षा उपाय प्रदान करने, सभी उपकरण, औजारों व मशीनों को सही मरम्मत के साथ ठीक रखने और काम के सुरक्षित तरीकों के बारे में सहयोगियों के अध्ययन, विकास व प्रशिक्षण के लिए वचनबद्ध है। इसके अलावा, एलिवेट टेक्सटाइल्स की संपत्ति पर बंदूक या हथियार रखने को एलिवेट टेक्सटाइल्स प्रतिबंधित करती है।

इन कानूनों का उल्लंघन करने वाला एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी न केवल स्वयं का, बल्कि दूसरे व्यक्तियों का भी नुकसान करता है। सुरक्षा प्रक्रियाओं के किसी भी संदेहास्पद उल्लंघन या किसी भी सुरक्षा चिंता की सूचना तत्काल अपने सुपरवाइजर को देनी चाहिए ताकि उनका उपयुक्त तरीके से समाधान किया जा सके।

### पर्यावरणीय सिद्धांत

एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति है कि हमारे प्रचालन इस तरीके से संचालित किये जाएँ कि पर्यावरण की रक्षा हो। संक्षेप में, इसका अर्थ है कि एलिवेट टेक्सटाइल्स ऐसे प्रत्येक देश में लागू सभी कानूनों व विनियमों का पालन करेगी, जहाँ हम काम करते हैं। यदि स्थानीय पर्यावरणीय कानून और विनियम मौजूद नहीं हैं या कम कठोर हैं, तो एलिवेट टेक्सटाइल्स की अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण, स्वास्थ्य व सुरक्षा नीतियों व मानकों का पालन किया जाएगा।

कंपनियां अक्सर विश्वव्यापी पर्यावरणीय, स्वास्थ्य व सुरक्षा मानक स्थापित करती हैं जिन्हें वे अपने आपूतिकर्ताओं द्वारा पूरा किया जाना आवश्यक बनाती हैं। हमारी पर्यावरणीय, स्वास्थ्य व सुरक्षा नीतियाँ व प्रक्रियाएँ इस तरह बनाई गई हैं कि वे एलिवेट टेक्सटाइल्स के ग्राहकों द्वारा लागू किये जाने वाले ऐसे मानकों को पूरा करती हैं या उनसे अधिक होती हैं।

एलिवेट टेक्सटाइल्स का मानना है कि एक सुरक्षित व स्वस्थ पर्यावरण प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक जिम्मेदार उपक्रम का दायित्व है और इसका मतलब है कि एलिवेट टेक्सटाइल्स को इस पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण की रक्षा करने हेतु एक नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। उपकरण व कार्यक्रमों पर निर्माण प्रक्रिया के सह-उत्पादों से वायु, भूमि या जल प्रतिकूल तरीके से प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए किये जाने वाले व्यय से एलिवेट टेक्सटाइल्स की पर्यावरण के प्रति वचनबद्धता व्यक्त होती है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स अपने ग्राहकों के साथ उन उत्पादों को खरीदने और स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वचनबद्ध है, जिनकी पैकिंग रिसाइकल (पुन:चक्रित) करने योग्य है और जिन्हें हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ ऐसे उत्पादों और उत्पाद की पैकेजिंग को डिज़ाइन किया जा सके, जिसे रीसायकल किया जा सके।

एलिवेट टेक्सटाइल्स हमारे समुदायों, परिवारों व सहयोगियों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण करने और उनके रोजमर्रा के जीवन में पर्यावरण की बेहतर तरीके से रक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वचनबद्ध है।

**वैश्विक स्थायित्व के लिए एलिवेट टेक्सटाइल्स की सतत वचनबद्धता**

एलिवेट टेक्सटाइल्स की पर्यावरण, स्वास्थ्य व सुरक्षा (Environmental, Health and Safety, EHS), व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति दीर्घकालिक वचनबद्धता पूरी दुनिया में कंपनी के सभी प्रचालनों में निरंतर एक शीर्ष प्राथमिकता बनी हुई है। व्यापक रूप से यह स्वीकार किया गया है कि प्रचालनों व आपूर्ति श्रृंखला में पर्यावरणीय स्थायित्व को बढ़ाना स्पष्ट तौर पर ''करने योग्य सही काम'' है और यह ग्राहकों व हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अनिवार्य है।

स्थायित्व को ''अपनी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए भविष्य की पीढ़ी की क्षमताओं को कमजोर किये बगैर वर्तमान की आवश्यकताएं पूरी करने'' के तौर पर परिभाषित किया गया है। स्थायित्व से आर्थिक, सामाजिक जिम्मेदारी व पर्यावरणीय प्रभाव को संतुलित रखने की कोशिश की जाती है, यह स्वीकार करते हुए कि जनसंख्या वृद्धि लगातार जारी रहेगी।

**एलिवेट टेक्सटाइल्स की प्रतिबंधित पदार्थ सूची (Restricted Substances List, RSL) नीति**

एलिवेट टेक्सटाइल्स की अपने ग्राहकों को सुरक्षित व गुणवत्तायुक्त उत्पाद देने की सतत वचनबद्धता के अनुसार, अपने उत्पादों के निर्माण के लिए विश्व स्तर पर उपयोग किए जाने वाले सभी फाइबर, रसायन व लुब्रिकेंट के लिए कठोर दिशानिर्देश बनाने की आवश्यकता हैै। ''प्रतिबंधित पदार्थ'' ऐसे रसायन व अन्य सामग्री हैं जिनकी मौजूदगी पर पाबंदी लगाई गई है या अन्य प्रकार से विभिन्न देशों में कानूनों द्वारा या ब्रांड द्वारा प्रतिबंधित है।

RSL नीति का पालन करने से ग्राहक जोखिम कम होगा और टेक्सटाइल उद्योग में वैश्विक अग्रणी कंपनी के तौर पर एलिवेट टेक्सटाइल्स के उत्पादों की स्थिति मजबूत होगी। एलिवेट टेक्सटाइल्स की RSL को www.elevatetextiles.com पर देखा जा सकता है।

***आपकी जिम्मेदारियां***

- एलिवेट टेक्सटाइल्स की पर्यावरणीय नीतियों को जानना।
- ऐसे क्षेत्रों की पहचान करना जिनमें एलिवेट टेक्सटाइल्स अपने पर्यावरणीय सिद्धांतों को बेहतर करने में सक्षम हो सकती है।
- पर्यावरण से संबंधित किसी भी अशुद्ध रिपोर्टिंग या किसी भी पर्यावरणीय समस्या को एलिवेट टेक्सटाइल्स के प्रबंधन के ध्यान में लाना।

# एलिवेट टेक्सटाइल्स की सूचना व संपत्ति की सत्यनिष्ठा

*कंपनी के संसाधनों व संपत्तियों की रक्षा करने के नियम*

## गोपनीय सूचना

एलिवेट टेक्सटाइल्स अपने प्रतिदिन के व्यवसाय में उपयोग होने वाली मूल्यवान गोपनीय सूचना में महत्वपूर्ण निवेश रखती है। गोपनीय सूचना के अनधिकृत प्रकटीकरण को रोकने के लिए तैयार कार्यपद्धतियों के माध्यम से हम इस निवेश की रक्षा करेंगे। यह सुनिश्चित करना एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति है कि एलिवेट टेक्सटाइल्स, हमारे ग्राहकों और हमारे आपूर्तिकर्ताओं के प्रचालन, गतिविधियों और व्यावसायिक मामलों को सर्वाधिक संभव सीमा तक गोपनीय बनाए रखा जाए। यदि उनके रोजगार के समय, एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी एलिवेट टेक्सटाइल्स, इसके ग्राहकों या इसके आपूर्तिकर्ताओं के बारे में गोपनीय सूचना प्राप्त करते हैं, तो उक्त सूचना का उपयोग अत्यंत गोपनीय तरीके से किया जाए और इसके बारे में बाहर के व्यक्तियों से चर्चा न की जाए।

सहयोगी भी उक्त सूचना की आंतरिक सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होते हैं। गोपनीय सूचना वह सूचना है, जो एलिवेट टेक्सटाइल्स से संबंधित है और जो सार्वजनिक रूप से ज्ञात नहीं है, जिसमें निम्न शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- एलिवेट टेक्सटाइल्स व्यासायिक योजनाएँ
- कीमत संबंधी सूचना
- पूर्वानुमान
- बाजार विश्लेषण
- प्रशिक्षण सामग्री
- तकनीकी निर्देश-पुस्तिका
- बिक्री संबंधी तथ्य
- ग्राहक सूचना
- कर्मचारी/वेतन सूचना
- उत्पादन सूचना
- खरीदारी संबंधी सूचना
- सेवा व गुणवत्ता प्रदर्शन
- निर्माण संबंधी तकनीकी विशिष्टताएं और प्रक्रियाएं
- निर्माण लागत और उत्पादकता संबंधी सूचना
- परीक्षण के तरीके
- विक्रेता प्रमाणन तथ्य
- व्यक्तिगत स्वास्थ्य सूचना

ऐसी सूचना में एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचारी को प्रदान की गई कोई भी सूचना भी इस स्पष्ट निर्देश के साथ शामिल होती है कि इसे गोपनीय रखा जाए। सामान्य तौर पर, गोपनीय सूचना को स्पष्ट अनुमति के बगैर उन व्यक्तियों के सिवाय किसी व्यक्ति के सामने प्रकट नहीं किया जा सकता है जो यह सूचना पाने के लिए अधिकृत हैं।

एलिवेट टेक्सटाइल्स से संबंधित गोपनीय सूचना के अतिरिक्त, एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारियों के लिए ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और एलिवेट टेक्सटाइल्स के व्यावसायिक साझेदारों की गैर-सार्वजनिक, गोपनीय सूचना की रक्षा करना भी आवश्यक है, जो एलिवेट टेक्सटाइल्स को इसके व्यावसायिक संबंधों के कारण, साथ में प्रदान की जाती है। उक्त सूचना में ग्राहक का निर्माण व उत्पादन तथ्य या आपूर्तिकर्ता की कीमत संबंधी सूचना शामिल हो सकती है। सामान्य तौर पर, एलिवेट टेक्सटाइल्स इन पक्षों को आश्वस्त करती है कि वह उक्त सूचना की गोपनीयता की रक्षा करेगी और एलिवेट टेक्सटाइल्स के सीईओ, एलिवेट टेक्सटाइल्स के वरिष्ठ कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष या एलिवेट टेक्सटाइल्स के सीईओ को सीधे रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों की स्पष्ट लिखित अनुमति के बगैर, सहयोगी इसे बाहरी पक्षों के सामने प्रकट नहीं करेंगे।

इस नीति का उल्लंघन करते हुए पाये जाने वाले एलिवेट टेक्सटाइल्स के सहयोगी अनुशासनिक कार्रवाई के अधीन हैं, जिसमें सेवा-समाप्ति भी शामिल है और उन्हें अन्य कारणों के अतिरिक्त, लागू सुरक्षा कानून के उल्लंघन के लिए सिविल (दीवानी) व आपराधिक दंड दिया जा सकता है।

## वित्तीय रिपोर्टिंग व रिकॉर्ड रखने में सटीकता

एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति है कि उन रिपोर्ट व दस्तावेजों में संपूर्ण, न्यायसंगत, सटीक, सही समय पर और समझने योग्य प्रकटीकरण किये जाएँ, जो सार्वजनिक रूप से जारी किये जाते हैं या नियामक एजेंसियों के पास प्रस्तुत किये जाते हैं। एलिवेट टेक्सटाइल्स की यह नीति रही है और आगे भी रहेगी कि सभी लेनदेनों को सटीकता से, इसके लेखा (हिसाब-किताब) और रिकॉर्ड में प्रदर्शित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति है कि सभी लेखा और रिकॉर्ड और बैंक खातों या एलिवेट टेक्सटाइल्स की संपत्तियों के अन्य संग्रह, सभी सामान्य लेखा व ऑडिट नियंत्रण के अधीन होंगे और इसके किसी भी लेखा व रिकॉर्ड में गलत तथ्य पेश करना या किसी भी गुप्त बैंक खाते या संग्रह को रखना सख्त प्रतिबंधित है। एलिवेट टेक्सटाइल्स ईमानदारीपूर्ण व सटीक ढंग से रिकॉर्ड रखने व सूचना की रिपोर्ट करने को आवश्यक बनाती है, ताकि दायित्वपूर्ण व्यावसायिक निर्णय लिये जा सकें। रिकॉर्ड केवल एलिवेट टेक्सटाइल्स की रिकॉर्ड रखने की नीतियों के अनुसार ही रखे जाने चाहिए या नष्ट किये जाने चाहिए।

## कंपनी के संसाधन और बौद्धिक संपदा

एलिवेट टेक्सटाइल्स की बौद्धिक संपदा एक मूल्यवान संपत्ति है। कंपनी नाम और लोगो, एलिवेट टेक्सटाइल्स को व्यक्त करते हैं और इनके अनुचित उपयोग का परिणाम कंपनी के लिए प्रतिकूल प्रचार या आर्थिक परिस्थिति पैदा कर सकता है। इसके अलावा, कंपनी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनी का नाम रखने वाले किसी भी उत्पाद द्वारा यथोचित मानक पूरे किये जाएं। एलिवेट टेक्सटाइल्स के पास संघीय कानून और कुछ विदेशी कानूनों के अनुसार यह अनन्य (एक्सक्लूजिव) अधिकार भी है कि वह पेटेंटयुक्त आविष्कारों का निर्माण, उपयोग या बिक्री करे या कॉपीराइट युक्त सामग्री की प्रतियाँ वितरित करे। इन अधिकारों को व्यवहार में लाना एलिवेट टेक्सटाइल्स के उस प्रतिस्पर्द्धी लाभ को बनाये रखने के लिए एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसका फायदा एलिवेट टेक्सटाइल्स लेती है। इसके अलावा, एलिवेट टेक्सटाइल्स के पास उन सभी आविष्कारों, खोजों, विचारों व व्यापारिक रहस्यों का स्वामित्व है, जिन्हें काम पर एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी ने बनाया है या जो कंपनी के संसाधनों का उपयोग करके बनाये गये हैं।

कंपनी के कारोबार का संचालन करने के लिए, एलिवेट टेक्सटाइल्स विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों का संचालन करती है, जिनमें ये भी शामिल हैं: टेलीफोन, सेलुलर फोन, पेजर, वॉइसमेल सुविधाएँ, एलिवेट टेक्सटाइल से आपूर्त पर्सनल कंप्यूटर, अन्य मोबाइल डिवाइस, लैपटॉप, फैक्स मशीन, मॉडेम और सर्वर

और एलिवेट टेक्सटाइल्स लागू ई-मेल और इंटरनेट का उपयोग। इन प्रणालियों का उपयोग वैश्विक आचार संहिता और किसी संबंधित एलिवेट टेक्सटाइल्स नीतियों के अनुसार होगा, बशर्ते कि यह वैश्विक आचार संहिता, ऐसी नीतियों में किसी भी परस्पर विरोधी प्रावधानों को हटा दे। इसके आलावा, एलिवेट टेक्सटाइल्स के कर्मचारी कभी भी इन साधनों का उपयोग अपमानजनक कृत्य, बाधा पैदा करने वाले या अनैतिक तरीके से या एलिवेट टेक्सटाइल्स की किसी भी नीति या लागू कानून का उल्लंघन करते हुए नहीं करते हैं।

## सरकार के साथ संवाद

एलिवेट टेक्सटाइल्स की नीति सरकारी एजेंसियों के कामों के समुचित प्रदर्शन में सहयोग करने की है, लेकिन यह भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि सरकारी जाँच में दिये जाने वाले उत्तरों के लिए एलिवेट टेक्सटाइल्स के भीतर तालमेल रखा जाए। संघीय, राज्य, स्थानीय या नगर निगम के सरकारी प्राधिकरणों से प्राप्त होने वाले सूचना के अनुरोध या पूछताछ (नियमित अनुरोधों के अतिरिक्त) को प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा दर्ज किया जाता है और तत्काल एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग के पास किसी उपयुक्त टिप्पणी के साथ भेज दिया जाता है। एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग समस्त गैर-नियमित अनुरोधों की प्राप्ति स्वीकार करने और समय पर अनुपालन हेतु उपयुक्त कार्रवाई आरंभ करने के लिए जिम्मेदार होता है।

## सार्वजनिक रूप से संवाद

केवल एलिवेट टेक्सटाइल्स के सीईओ द्वारा नामित व्यक्ति ही समाचार माध्यम, विश्लेषकों या आम जनता के सामने एलिवेट टेक्सटाइल्स की ओर से बोलने के लिए अधिकृत होते हैं। एलिवेट टेक्सटाइल्स समाचार माध्यम और आम जनता को स्पष्ट व सटीक संवाद देने का पूरा प्रयास करती है, ताकि यह सुनिश्चित हो कि आम जनता के साथ एलिवेट टेक्सटाइल्स के संबंध में सत्यनिष्ठा बनी रहे। यदि समाचार माध्यम, विश्लेषकों या प्रश्न पूछने वाले अन्य व्यक्तियों द्वारा संपर्क किया जाता है, तो एलिवेट टेक्सटाइल्स के समस्त कर्मचारियों को उन व्यक्तियों को उत्तर के लिए प्रमुख मानव संसाधन अधिकारी के पास भेज देना चाहिए।

# एक अडिग वचनबद्धता

*गुणवत्ता, सेवा, मूल्य व सत्यनिष्ठा। कुछ अलग है।*

एलिवेट टेक्सटाइल्स में प्रत्येक व्यक्ति नैतिक तरीके से काम करने, अपने कर्तव्यों को पूरा करने और अपने कामों के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए उत्तरदायी है। हमारे मूल्यों व नीतियों का दायरा वैश्विक है और इन मूल्यों व नीतियों को पूरी तरह से समझने और लागू करने का समय निकालना हम सभी के लिए आवश्यक है। एलिवेट टेक्सटाइल्स का प्रबंधन उस चुनौती को समझता है, जो हम में से प्रत्येक व्यक्ति के सामने उपस्थित होती है, लेकिन हमारी कंपनी की सफलता बाजार में हमारी सत्यनिष्ठा, एक-दूसरे के साथ हमारे संबंधों में और समाज के साथ हमारे संबंधों पर निर्भर करती है।

एलिवेट टेक्सटाइल्स अपनी अन्य नीतियों व प्रक्रियाओं के अलावा इस वैश्विक आचार संहिता के अनुपालन की निगरानी जारी रखेगी। इसमें आवश्यक रूप से दुनिया भर के एलिवेट टेक्सटाइल्स कर्मचचारियों के लिए अनुपालन प्रशिक्षण शामिल होगा। इसके अलावा, एलिवेट टेक्सटाइल्स अपनी नीतियों व प्रक्रियाओं को लागू करने व इनके अनुपालन पर ऑडिट करा सकती है, जिसमें नियामक या अमेरिकी सुरक्षा कानून के अनुपालन आशय मौजूद होते हैं।

# सहयोगी की पुष्टि

कृपया इस अनुभाग को अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रबंधक या अपने स्थान के महाप्रबंधक को लौटाएँ (इसे आपकी सहयोगी नियोजन फाइल में रखा जाता है)।

मुझे एलिवेट टेक्सटाइल्स के वैश्विक आचार संहिता की प्रति प्राप्त हो गई है। मैं इसमें बताये गये आचरण के मानकों को समझता/समझती हूं जो मेरे काम पर लागू होते हैं और उनका पालन करने के लिए सहमत हूं।

हस्ताक्षर ______________________________

मुद्रित नाम ______________________________

दिनांक ______________________________

विभाग ______________________________

स्थान ______________________________

ग्लोबल आचार संहिता संबंधी सभी प्रश्न या मुद्दों को एलिवेट टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेट कानूनी विभाग (compliance@elevatetextiles.com) या जनरल काउंसिल और प्रमुख अनुपालन अधिकारी (Kristen.hughes@elevatetextiles.com; +1-704-951-2655) को भेजा जाना चाहिए।

(यह पृष्ठ जानबूझकर खाली छोड़ा गया है)

ET0919